# धरपकड़ अभियान में दबोचे गए 12 वारंटी

संसू, जागरण ● श्रावस्ती : अपराधियों व वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए रविवार को विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने आपरेशन धरपकड़ अभियान चलाया। इस दौरान 12 वारंटियों को दबोचा गया। इनमें मारपीट, चोरी, गुंडा एक्ट, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, दहेज उत्पीड़न जैसे मामलों के अपराधी शामिल हैं।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि गिलौला पुलिस टीम ने बेलवा खतीब के सहजादी गांव निवासी प्रमोद कुमार, बसभरिया पुरैना निवासी नान भइया, एकडगवा के जंगलीपुरवा निवासी चंद्रिका प्रसाद, भिखारीपुर मसढ़ी के सफीपुरवा निवासी जौआर व माजरे एकघरवा निवासी बाबू, सिरसिया पुलिस ने गुलरा निवासी फारूक, जानकीनगर कला निवासी गणेश तथा मल्हीपुर पुलिस टीम ने चमरपुरवा निवासी जग्गू उर्फ शिवम, फत्तेपुर बनगई के रघुनाथपुर निवासी रामकिशुन, बरगद्दा के दुर्गापुर निवासी भाईलाल, फत्तेपुर बनगई निवासी फूलचंद व शिवबदन को गिरफ्तार किया। टीम ने गिरफ्तार सभी वारंटियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।